जय-तिथि-पत्रक

श्री वीर-निर्वाण संवत्
२५४२-२५४३
विक्रम संवत् २०७३

तेरापंथ संवत्
२५६-२५७
ईस्वी सन् २०१६-२०१७

सम्पादक : मंत्रीमुनि सुमेरमल

जैन विश्व भारती
लाडनूं - 341306 (राजस्थान)
दूरभाष : 01581-226025, 224671, 226080, फैक्स : 01581-227280
E-mail : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

अहिंसा यात्रा

₹15

जैन विश्व भारती

मानवीय मूल्यों को समर्पित संस्था

प्रमुख गतिविधियां : एक नजर

शिक्षा :

* जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय)
* विमल विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल
* महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, टमकोर
* महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर
* समण संस्कृति संकाय
* केन्द्रीय जीवन विज्ञान अकादमी

सेवा :

* सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला
* श्रीमद् आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ मानव कल्याण केन्द्र, बीदासर
* स्व. माणकचन्द मनोहरी देवी दुगड़ आयुर्वेद चिकित्सालय, बीदासर
* विद्युत चुम्बकीय चिकित्सा केन्द्र
* समणी केन्द्र व्यवस्था

साहित्य :

* प्रकाशन एवं वितरण
* आगम मंथन प्रतियोगिता
* इतिहास मंथन प्रतियोगिता

संस्कृति :

* तुलसी कला दीर्घा (आर्ट गैलेरी)

शोध :

* आगम सम्पादन
* हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपियों की सुरक्षा एवं संरक्षण

समन्वय :

* पुरस्कार एवं सम्मान
* विदेशों में प्रचार-प्रसार

साधना :

* प्रेक्षाध्यान
* प्रेक्षाध्यान पत्रिका

उक्त सभी गतिविधियों में संपूर्ण समाज की सहभागिता एवं सहयोग हेतु सादर निवेदन

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें

जैन विश्व भारती

पोस्ट : लाडनूं-341306, जिला : नागौर (राज.) फोन : 01581-226080 | 224671

E-mail : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

आशीर्वचन

"आज यहां जैन विश्व भारती के कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं। उनकी मीटिंग भी रखी हुई है। जैन विश्व भारती एक **'कामधेनु'** है, जिसे गुरुदेव तुलसी ने **'कामधेनु'** कहा था। कितनी–कितनी गतिविधियां उसके द्वारा चल रही है और जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट (मान्य विश्वविद्यालय) भी उससे जुड़ा हुआ है। मैं तो यों सोचा करता हूं कि मां–बेटे का संबंध है। जैन विश्व भारती मां है तो जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट उसका सुपुत्र है। मां का काम है पुत्र का ध्यान रखना और पुत्र का काम है मां का ध्यान रखना। पहले मां–बाप बच्चों का ध्यान रखते हैं, पालते–पोसते हैं, पढ़ाते हैं, सिखाते हैं, बाद में बच्चों का फर्ज है मां–बाप का ध्यान रखना। इस प्रकार जैन विश्व भारती एवं जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट का मां–बेटे का संबंध है।

जैन विद्या की सेवा जैन विश्व भारती के द्वारा हो रही है। साहित्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा काम हो रहा है, आगमों का काम हो रहा है, सेवा का काम हो रहा है। हमारी समणियां जैन विश्व भारती में ही आवास ले रही हैं, हमारे कितने वृद्ध संत जैन विश्व भारती सेवाकेन्द्र में विराजित हैं। मुमुक्षु बहिनें, उपासिकाएं भी जैन विश्व भारती के परिसर में आवासित हैं। कितने–कितने आयाम, कितनी–कितनी गतिविधियां जैन विश्व भारती में है। अध्यक्ष धरमचंदजी लुंकड़ आदि जैसे कार्यकर्ता संस्था से जुड़े हुए हैं, वे जैन विश्व भारती को और अधिक आध्यात्मिक दृष्टि से आगे बढ़ाने का, शैक्षिक दृष्टि से आगे बढ़ाने का प्रयास करें, खूब अच्छा चिंतन–मनन करें और अच्छा चिंतन, अच्छा निर्णय और अच्छी क्रियान्विति हो। केवल चिन्तन ही जाये और निर्णय न हो तो पूरा काम नहीं होता। निर्णय भी हो जावे और क्रियान्विति नहीं हो तो भी पूरा काम नहीं होता। चिंतन, निर्णय और क्रियान्विति तीनों में ज्यादा फासला नहीं होना चाहिए। परमपूज्य गुरुदेव तुलसी ने फरमाया था कि चिंतन, निर्णय और क्रियान्विति में अनअपेक्षित ज्यादा फासला नहीं होना चाहिए। चिंतन किया, फिर निर्णय करो, निर्णय किया फिर यथासंभव क्रियान्विति करें।

जैन विश्व भारती एक गौरवशाली संस्था है। आचार्यश्री महाप्रज्ञजी का मार्गदर्शन उस संस्था को मिला है और तेरापंथ समाज के पास इतनी बड़ी संस्था का आना एक प्रकार से समाज का मानो भाग्य है, तब इतनी बड़ी संस्था समाज के हाथ में आती है। यह संस्था अब तो युवावस्था में है। इस संस्था के द्वारा मानव जाति का कल्याण हो, इस संस्था के द्वारा जैन विद्या का खूब प्रचार–प्रसार हो। इस संस्था के द्वारा साहित्य के माध्यम से लोगों में ज्ञान वृद्धि हो और लौकिक सेवा का काम भी चल रहा है, जो समाज के लिए महत्वपूर्ण होता है। जैन विश्व भारती से तीन विद्यालय आदि संस्थान जुड़े हुए हैं, उसके अंतर्गत हैं तो स्कूलों के माध्यम से भी विद्यार्थियों को अच्छा नैतिक ज्ञान मिले, जीवन विज्ञान, जैन विद्या आदि का ज्ञान मिले। इस प्रकार जैन विश्व भारती, जिसे कामधेनु कहा जाये और जयकुंजर (विशालकाय हाथी) कहा जाये, कुछ भी कह दें, अपने आप में बहुत बड़ी संस्था है। लाडनूं जैसे सामान्य कस्बे में बड़ी संस्था है। लाडनूं सामान्य भले हो लेकिन गुरुदेव तुलसी की जन्मभूमि होने का गौरव उस शहर, उस नगर को प्राप्त है। गुरुदेवश्री तुलसी की जन्मभूमि के साथ जन्मभूमि पर जैन विश्व भारती और जैन विश्व भारती संस्थान है। ये संस्थान खूब अच्छा विकास करें। कितने–कितने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के माध्यम से ज्ञान–दान प्राप्त हो रहा है और उसकी कुलपति भी हमारी शिष्या समणी चारित्रप्रज्ञाजी है। समणीजी भी खूब अच्छा काम करती रहे, इंस्टीट्यूट को आगे बढ़ाने का प्रयास करती रहे। आध्यात्मिक, शैक्षिक दृष्टि से विश्वविद्यालय भी विकास करे। जैन विश्व भारती की छत्रछाया उसको मिलती रहे, साया उसको मिलता रहे और दोनों संस्थाएं खूब अच्छा विकास करें।"

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

वर्ष आता है, चला जाता है।
यह कोई विशेष बात नहीं।
विशेष बात यही है कि हर वर्ष आदमी के
विकास का कालमान बने।

-आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

अमरचंद धरमचंद लुंकड़

राणावास - चेन्नई

प्रकाशकीय

जैन विश्व भारती के समण संस्कृति संकाय द्वारा विगत 38 वर्षों से मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर जय-तिथि-पत्रक का प्रकाशन प्रतिवर्ष निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में 152वें मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर संवत् 2073 का जय-तिथि-पत्रक सुधी पाठकों के हाथों में प्रस्तुत करते हुए हमें हार्दिक प्रसन्नता है। जय-तिथि-पत्रक में ज्योतिषीय सूचनाओं, विशेष पर्वों, महत्त्वपूर्ण दिवसों व अनुष्ठानों के साथ-साथ संस्थाओं एवं विभिन्न संघीय गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि से संबंधित उपयोगी सामग्री प्रकाशित की गई है।

परमाराध्य आचार्यप्रवर के निर्देशानुसार तेरापंथ दर्शन मनीषी मंत्रीमुनि श्री सुमेरमलजी (लाडनूं) ने जय-तिथि-पत्रक संपादन के गुरुतर दायित्व का सम्यक् निर्वहन करते हुए दैनंदिन आवश्यकता की ज्योतिषीय सूचना-सामग्री प्रस्तुत करने की कृपा की है, हम मंत्री मुनिश्री के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। मुनिश्री उदितकुमारजी के महनीय मार्गदर्शन हेतु हार्दिक कृतज्ञता। श्री जीतमल नाहटा, कोलकाता का सामग्री संकलन कार्य में सहयोग प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक आभार।

जय-तिथि-पत्रक के प्रकाशन के लिए हमें अनेक महानुभावों का आर्थिक सौजन्य प्राप्त हुआ है। उनका उदार सहयोग-भाव संस्था की प्रवृत्तियों को गतिशील रखने में योगभूत बनता है। सभी अनुदानदाताओं के प्रति हम हार्दिक आभार ज्ञापित करते हैं। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्य में सहयोगी सभी महानुभावों के सहयोग हेतु आभार।

विश्वास है कि जय-तिथि-पत्रक की सामग्री सभी उपयोगकर्ताओं के लिए महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी सिद्ध होगी तथा इसमें प्रस्तुत सामग्री से उपयोगकर्ता त्याग-प्रत्याख्यान के लिए प्रेरित होंगे।

धरमचंद लुंकड़
अध्यक्ष, जैन विश्व भारती

निलेश बैद
निदेशक, समण संस्कृति संकाय

अरविन्द गोठी
मंत्री, जैन विश्व भारती

01 जनवरी, 2016

अध्यक्ष की कलम से

जैन विश्व भारती तेरापंथ धर्मसंघ की एक महत्त्वपूर्ण संस्था है। संपूर्ण जैन समाज में यह एक गौरवशाली संस्था के रूप में प्रतिष्ठित है। इसके द्वारा अनेक संघीय एवं समाजोपयोगी गतिविधियां संचालित की जा रही है।

आचार्य तुलसी के सपनों की कामधेनु जैन विश्व भारती आज केवल एक संस्था के रूप में नहीं, अपितु मानव कल्याणकारी प्रवृत्तियों के केन्द्र, प्राच्य एवं जैन विद्या की संरक्षण स्थली एवं आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व-निर्माण स्थल के रूप में विविध दिशाओं में कार्य कर रही है। समाज-परिवर्तन एवं समाज-विकास की आचार्यश्री तुलसी की प्रबल उत्कंठा को जैन विश्व भारती ने यथार्थ में परिणित करने का प्रयास किया है। इस संस्था के माध्यम से आचार्यश्री तुलसी, आचार्यश्री महाप्रज्ञजी और आचार्यश्री महाश्रमणजी का भविष्योन्मुखी एवं युगान्तरकारी चिंतन देश-विदेश तक पहुंचा है, जिस कारण से आज जैन विश्व भारती प्रस्तर खण्डों में नहीं, अपितु लोकमानस में प्रतिष्ठित है।

शिक्षा, शोध, साहित्य, साधना, सेवा, संस्कृति और समन्वय–इस 'सप्तसकार' को केन्द्र में रखकर कार्य करने वाली यह संस्था वर्तमान में अपने अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के आशीर्वाद, समाज के सहयोग एवं सक्षम कार्यकर्ताओं के श्रम के फलस्वरूप अनेक मानव कल्याणकारी गतिविधियों का संचालन कर रही है। लगभग साढ़े चार दशक की यात्रा में जैन विश्व भारती ने अनेक पड़ावों को पार किया है। संस्था के सूत्रधारों के समक्ष संभावनाओं का असीम आकाश भी है और उसे प्राप्त करने का उत्साह, उमंग और जज्बा भी। उस असीम विकास के लिए परमपूज्य आचार्यप्रवर का पावन आशीर्वाद और चारित्रात्माओं का पावन पथदर्शन निरन्तर हमें प्राप्त है। सादर निवेदन है कि संपूर्ण समाज तन-मन-धन एवं चिंतन से जैन विश्व भारती की असीम विकास यात्रा के सहयात्री बनें।

नववर्ष की अशेष आध्यात्मिक मंगलकामनाएं

01 जनवरी 2016

धरमचंद लुंकड़
अध्यक्ष

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में किशनगंज (बिहार)

बिहार क्षेत्र का **किशनगंज** नगर अति प्राचीन एवं ऐतिहासिक नगर है। इस नगर में मशहूर खगड़ा इस्टेट भी इसी सुरजापुर परगना में शामिल था। खगड़ा नवाब मोहम्मद फकीरूद्दीन के समय एक कट्टर हिन्दू सन्यासी यहां आये। संन्यासी थके हुए थे और विश्राम करना चाहते थे लेकिन जगह का नाम आलमगंज, नदी का नाम रमजान और जमींदार का नाम फकीरूद्दीन सुनकर वे वापस लौटने लगे। नवाब को जब इसका पता चला तो उन्होंने अपने मैनेजर को संन्यासी को आदर सहित लाने के लिए भेजा किन्तु संन्यासी नहीं रूके। इससे नवाब को कष्ट हुआ और नवाब ने सर्वधर्म का परिचय देते हुए आलमगंज को कृष्णकुंज कर दिया यही कृष्णकुंज आगे चलकर तद्भव शब्द रूप में किशनगंज हो गया। इतिहासकारों के अनुसार इस क्षेत्र में कालान्तर में बहुत धर्मों का शासन हुआ पुराबशेषों एवं अन्य ऐतिहासिक दस्तावेजों के माध्यम से यहां पाण्डवों की अज्ञातवास कथा भी प्रचलित है। किशनगंज जिले की देश के सीमावर्ती क्षेत्र में होने के नाते अपनी अलग पहचान है। कहा जाता है कि जब किशनगंज को आजादी के बाद भारत बंटवारे में बाहुल्यता के आधार पर पाकिस्तान के हिस्से में दिया जा रहा था तब किशनगंजवासियों के जन विरोध को देखते हुए इसे भारत को दिया गया। किशनगंज की धरती राष्ट्रीय प्रेम व धर्मनिरपेक्ष स्वभाव का परिचायक है। 'गंगा-जमुनी' संस्कृति, सामाजिक तथा साम्प्रदायिक सद्भाव किशनगंज का परिचय है। बिहार के पूर्वोतर सीमान्त पर स्थित सामाजिक दृष्टि से 'चिकेन नेक' एवं पूर्वोत्तर राज्यों में एकमात्र प्रवेश द्वार के रूप में चर्चित है। गरीबों का दार्जिलिंग एवं बिहार का चेरापूंजी माने जाने वाले किशनगंज में धर्म के संस्कार संस्कृति की अविरल धारा के रूप में प्रवाहित होते रहे हैं। यहां की 'सुरजापुरी बोली' एवं 'सुरजापुरी आम' मिठास के साथ-साथ सुरजापुरी लोगों के भोलेपन का एहसास भी खास है। यहां की उर्वरा मिट्टी में पाट, चाय एवं अनानास आदि उत्पादों ने किशनगंज को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष पहचान दी है। किशनगंज जिले में अब्दुल कलाम कृषि महाविद्यालय की स्थापना हुई है एवं माता गुजरी मेमोरियल कॉलेज भी स्थापित है। शिक्षा क्षेत्र में इसकी जबंदस्त पहचान और स्वर्णिम भविष्य है। जिले के विकास का चक्र गतिमान है।

किशनगंज के साधु-साध्वियां–किशनगंज की भूमि धर्मसंघ की दृष्टि से उर्वर धरा है, अब तक छह बहनें वैराग्य प्राप्त कर गुरु चरणों में दीक्षित हो चुकी हैं।

तेरापंथ और किशनगंज–धर्मसंघ की प्रभावना से किशनगंज लम्बे समय से पूर्वांचल का उर्वर का क्षेत्र रहा है। सन् 1965 में मुनिश्री धनराजजी के प्रथम चतुर्मास से धर्म जागृति की शुरूआत हुई, वहीं विभिन्न चारित्रात्माओं के समय-समय पर पदार्पण से किशनगंज अपनी

आध्यात्मिकता के कारण विख्यात है। मुनि धनराजजी के स्थानीय हवाखाना सरदारशहर के बैद परिवार के यहां चातुर्मास के पश्चात् सन् 1969 से लेकर सन् 1976 तक तीन चातुर्मास एवं तीन सिंघाड़ों के समय-समय पर हुए प्रवास में स्थानीय मानमलजी, दीपचन्दजी एवं वर्तमान में राजेन्द्रजी छाजेड़ का विशेष योगदान रहा, इनके आवास तुलसी निवास में सन् 1969 में साध्वीश्री कस्तूरांजी, मुनिश्री पूनमचन्दजी एवं सन् 1976 में साध्वी कमलश्रीजी टमकोर का चातुर्मास हुआ। साध्वीश्री मोहनांजी 'राजगढ़', साध्वीश्री गोराजी का प्रवास रहा। इनके ही आवास में 21 वर्ष तक स्थानीय तेरापंथ महिला मण्डल चला। ज्ञातव्य है कि महिला मण्डल की शुरूआत 'श्रद्धा की प्रतिमूर्ति' से सम्मानित श्रीमती हुलासी देवी दुगड़ ने करवायी। इन्हीं के प्रयास से विराटनगर के स्व. श्री रामलालजी गोलछा ने तेरापंथ भवन निर्माण हेतु जमीन प्रदान की। स्व. श्री हंसराजजी बागरेचा ने उपासना कक्ष का निर्माण कराकर भवन बनाने हेतु पहल की। भवन निर्माण के बाद प्रथम चातुर्मास मुनिश्री कन्हैयालालजी, तत्पश्चात् साध्वीश्री यशोधराजी, साध्वीश्री मोहनकुमारीजी, साध्वीश्री सूरजकुमारीजी, साध्वीश्री सोमलताजी, साध्वीश्री कंचनप्रभाजी, साध्वीश्री प्रमीलाकुमारीजी के चातुर्मास हुए तथा वर्तमान में साध्वीश्री यशोमतिजी का चातुर्मास है। समय-समय पर किशनगंज में समणी केन्द्र भी बनता रहा है। विभिन्न चारित्रात्माओं के 12 चातुर्मास, 3 मर्यादा महोत्सव, 3 होली चौमासा एवं 2 अक्षय तृतीया महोत्सव, 3 मिलन समारोह एवं 5 महावीर जयन्ती समारोह हुए हैं।

किशनगंज का विकास–20वीं सदी के अन्त में श्रद्धानिष्ठ श्रावक श्री भीकमचन्द दफ्तरी के सुपुत्र एवं किशनगंज मर्यादा महोत्सव समिति के संयोजक श्री राजकरण दफ्तरी ने किशनगंज में चाय की खेती का आगाज कर किशनगंज को बिहार की चायनगरी के रूप में विख्यात किया है। श्री बी. प्रधान तत्कालीन जिला पदाधिकारी, किशनगंज ने कहा कि जिले में चाय की खेती ने भारत में चाय के मानचित्र पर स्थान बना लेने का गौरव प्राप्त किया है, जिसका सारा श्रेय राजकरण दफ्तरी को जाता है। राष्ट्रीय संस्थानों के द्वारा दफ्तरीजी को 'कोलम्बस ऑफ टी इन बिहार', 'भारतीय उद्योग रत्न ऐवार्ड' एवं 'इंदिरा गांधी शिरोमणी एवार्ड' से भी नवाजा गया।

किशनगंज के श्रावक-श्राविकाएं–बिहार प्रदेश के तेरापंथ समाज की दृष्टि से किशनगंज सर्वोपरि माना जा सकता है। यहां का श्रावक समाज विनीत और पूर्णरूपेण समर्पित है। परम श्रद्धेय आचार्यश्री तुलसी, आचार्यश्री महाप्रज्ञ, ग्यारहवें अधिशास्ता परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमण ने अनेक श्रावक-श्राविकाओं की श्रद्धा-भक्ति और सेवा भाव मूल्यांकन कर उन्हें विशिष्ट संबोधनों से संबोधित किया है। यहां के अनेक श्रावकों ने अपनी सेवा भावना से विशिष्ट पहचान बनाई है। अनेकानेक प्रबुद्ध श्रावकों ने तेरापंथ समाज की केन्द्रीय संस्थाओं के

पदों पर रहते हुए अपने दायित्व का निर्वहन कर अपनी सेवाएं दी है और दे रहे हैं। केन्द्रीय संस्थाओं द्वारा समय समय पर अनेक सम्मानों द्वारा स्थानीय श्रावक-श्राविकाओं को सम्मानित भी किया गया है। किशनगंज तेरापंथ समाज के लिए गौरव की बात है। श्री भीकमचंदजी दफ्तरी को 'श्रद्धानिष्ठ श्रावक' के सम्मान से सम्मानित किया गया, श्रीमती लक्ष्मीदेवी घीया, स्व. श्रीमती हुलासी देवी दूगड़, श्रीमती कान्ता देवी दफ्तरी (श्री राजकरणजी दफ्तरी की माताश्री) एवं श्रीमती चन्द्रकला देवी दफ्तरी को 'श्रद्धा की प्रतिमूर्ति' से सम्मानित किया जा चुका है। स्थानीय स्तर पर भी जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, तेरापंथ युवक परिषद् एवं तेरापंथ महिला मण्डल व अणुव्रत समिति के माध्यम से कार्यकर्ता अपनी निष्ठापूर्ण सेवाएं दे रहे है, इनके साथ-साथ किशोर मण्डल, तेरापंथ कन्या मण्डल भी पूर्णतः सक्रिय है। आचार्यों की कृपा दृष्टि इस क्षेत्र पर बनी रही एवं यह क्षेत्र धर्मसंघ के विकास में सदा संलग्न बना रहे यही हमारी मंगलकामना, आंतरिक अभिलाषा और सुदृढ़ संकल्प है। स्थानीय ज्ञानशाला नियमित रूप से चल रही है।

महासभा के बिहार प्रभारी श्री राजकरण दफ्तरी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निवर्तमान क्षेत्रीय प्रभारी श्री राजेश बैद व श्री मनीष दफ्तरी, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मण्डल कार्यकारिणी सदस्या श्रीमती कान्ता देवी दफ्तरी आदि कार्यकर्ता धर्मसंघ में किशनगंज का सुदृढ़ प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सूरत चातुर्मास प्रवास में परमपूज्य आचार्यश्री महाप्रज्ञजी द्वारा श्री राजकरण दफ्तरी को 'कर्मठ कार्यकर्ता' के रूप में उल्लेखित किया गया। इस प्रकार तेरापंथ धर्मसंघ में किशनगंज के श्रावक समाज की सेवाएं भी उल्लेखनीय है।

वर्तमान में किशनगंज विधान सभा के क्षेत्र की आबादी लगभग 3 लाख के आसपास है। यहां जैन समाज के लगभग 250 परिवार है जिनमें से 135 परिवार तेरापंथी है। आचार्यश्री महाश्रमणजी ने महती कृपा कर किशनगंज को 152वें मर्यादा महोत्सव के आयोजन का शुभ अवसर प्रदान कराया है। तेरापंथ समाज ही नहीं अपितु किशनगंज का जन मानस उत्सुकता व उल्लास के साथ इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कटिबद्ध है तथा पूज्यप्रवर के श्रीचरणों में श्रद्धानत है।

भारत, नेपाल एवं अन्य देशों में प्रवासित धर्मसंघ के समस्त श्रावक-श्राविकाओं को मर्यादा महोत्सव पर हमारा सादर आमंत्रण है कि आप सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में किशनगंज पधारें और आचार्यप्रवर के सेवा दर्शन का लाभ उठाएं। सभी का स्नेह प्राप्त होगा, ऐसा विश्वास है।

आचार्य महाश्रमण मर्यादा महोत्सव व्यवस्था समिति, किशनगंज

सचिव	स्वागताध्यक्ष	अध्यक्ष
बिमलकुमार दफ्तरी	डॉ. मोहनलाल जैन	राजकरण दफ्तरी
(07250605060)	(09431232005)	(09430055555)

गुवाहाटी : इतिहास के झरोखे से

नैसर्गिक सौंदर्य से संपन्न गुवाहाटी असम की राजधानी है। यह ब्रह्मपुत्र नद तट के पर बसा पूर्वोत्तर का मुख्य शहर है। प्राचीनकाल 400 ई. में गुवाहाटी कामरूप की राजधानी यानि 'प्राग्ज्योतिषपुर यानि' (ज्योतिष शास्त्र का नगर) के नाम से जाना जाता था। गुवाहाटी के मिथक और इतिहास हजारों साल पुराने हैं। महाभारत काल में 'पूर्व के प्रकाश' के नाम से प्रसिद्ध यह स्थान पौराणिक असुर राजा नरकासुर की राजधानी एवं महाभारत के अनुसार भगदत की राजधानी थी। कहा जाता है कि यहीं पर सौंदर्य और जीवन के स्रोत हिंदू देव कामरूप का पुनर्जन्म हुआ था। देवी कामाख्या का प्राचीन शक्तिपीठ, प्राचीन एवं अद्वितीय ज्योतिष मंदिर नवग्रह, वशिष्ठ मंदिर एवं अन्य स्थानों में प्राप्त पुरातात्त्विक प्रमाण इसके प्राचीन पौराणिक होने के दावे का समर्थन करते हैं। सातवीं शताब्दी के महान यात्री ह्वेनसांग ने इस शहर का वर्णन किया है। 17वीं सदी का यह नगर बार-बार मुसलमान तथा अहोम शासकों के हाथों में आता-जाता रहा और अंततः यह सन् 1681 में निचले असम के अहोम प्रशासक का मुख्यालय बना। सन् 1786 में अहो राजा ने इसे अपनी राजधानी बना लिया। गुवाहाटी पर सन् 1816 से सन् 1826 तक बर्मियों का कब्जा रहा। यांदाबू की संधि के द्वारा इसे ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंप दिया गया। सन् 1874 में असम की राजधानी को यहां से 108 किलोमीटर दूर शिलांग ले जाया गया। सन् 1973 से गुवाहाटी असम की राजधानी है। गुवाहाटी के दिसपुर में असम विधानसभा एवं सचिवालय हैं। यह पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार है। गुवाहाटी असम का महत्त्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र तथा नदी बंदरगाह है। इसे विश्व का सबसे बड़ा चाय का बाजार माना जाता है। यहां गुवाहाटी चाय नीलामी केंद्र एवं गुवाहाटी तेल शोधनागार है। यहां तीन औद्योगिक क्षेत्र हैं, जिनमें काफी संख्या में विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार करने वाली इकाइयां हैं।

गुवाहाटी की आबादी मिलीजुली है। भारत के हर प्रान्त के लोग यहां बसते हैं जिनमें मुख्य असमिया, बंगाली, राजस्थानी, बिहारी, नेपाली, पंजाबी एवं पूर्वोत्तर के विभिन्न आदिवासी मूल के लोग हैं। यहां पर असमिया, बंगाली, हिन्दी, अंग्रजी भाषाएं बोली जाती हैं।

यहां गौहाटी विश्वविद्यालय, भारतीय तकनीकी संस्थान (आईआईटी), इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थान हैं। गुवाहाटी में खेलों के लिए पर्याप्त ढांचागत सुविधा उपलब्ध है। सन् 2007 में यहां राष्ट्रीय खेल आयोजित हुए थे। यहां अनेक उच्चकोटि की सुविधा से युक्त स्टेडियम भी हैं।

गुवाहाटी सड़क, रेल एवं हवाई मार्ग से पूरे देश से जुड़ा है। यहां से सभी प्रमुख शहरों के लिए रेल एवं हवाई सेवा उपलब्ध है। यह पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों से भी भलीभांति जुड़ा हुआ है। गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, गुवाहाटी रेलवे स्टेशन एवं कामाख्या स्टेशन एवं रूपराम

ब्रह्म अंतर्राष्ट्रीय बस अड्डा यातायात की सुविधा के लिए उपलब्ध है।

गुवाहाटी शहर पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण है। कई स्थानीय मेले तथा उत्सव यहां मनाये जाते हैं। शहर के बीचोंबीच स्थित शुक्रेश्वर का जनार्दन मंदिर, चित्रांचल पहाड़ी पर बना नवग्रह मंदिर, नगर के केंद्र से 8 किलोमीटर फासले पर पवित्र नीलांचल की पहाड़ी पर स्थित कामाख्या मंदिर धार्मिक पर्यटन के केंद्र हैं। कामाख्या मंदिर तांत्रिक अनुष्ठानों तथा वैश्विक मातृसत्ता की प्रतीक शक्ति का उपासना स्थल है। प्रत्येक वर्ष कामाख्या में लगने वाले अम्बुबासी मेले में लाखों श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। ब्रह्मपुत्र नदी के मयूर द्वीप में स्थित उमानंद मंदिर एवं नगर से 12 किलोमीटर दूर स्थित वशिष्ठ आश्रम भी दर्शनीय हैं। इसके अलावा शंकरदेव कलाक्षेत्र, बालाजी मंदिर, एकोलैंड, चिड़ियाखाना एवं वनस्पति उद्यान, दीपोरबील भी पर्यटन की दृष्टि से आकर्षण के केंद्र हैं।

गुवाहाटी शहर तेरापंथ के मानचित्र पर अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है। यहां श्रद्धा के लगभग 1300 परिवार वर्तमान में निवास करते हैं, जिनमें से कुछ तो सैकड़ों साल से यहां रहते आये हैं। यहां के तेरापंथी श्रावक उद्योग, व्यापार, शिक्षा एवं विभिन्न पेशों में काफी सक्रिय एवं महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। तेरापंथी सभा, महिला मंडल, युवक परिषद, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति एवं ज्ञानशाला जैसी प्रतिनिधि संस्थाएं यहां सुगठित रूप से सक्रिय हैं।

गुवाहाटी में तेरापंथ का इतिहास सौ साल से भी पुराना है। बीसवीं सदी के प्रारंभ से ही अर्हत वंदना का कार्यक्रम यहां के एक प्रतिष्ठित व्यावसायिक प्रतिष्ठान से शुरू किया गया, जो अभी तक नियमित रूप से चल रहा है। पिछली सदी के छठे दशक में गुवाहाटी तेरापंथी सभा का गठन हुआ एवं इसका अस्थायी कार्यालय मेसर्स जसराज तिलोकचंद के यहां रखा गया। यहां के श्रावकों की अर्ज पर आचार्य तुलसी ने चारित्रात्माओं का प्रथम चातुर्मास गुवाहाटी को संवत् 2024 में प्रदान किया। आज तक चारित्रात्माओं के 19 चतुर्मास गुवाहाटी में संपन्न हो चुके हैं। इसके साथ ही अनेक समणी केंद्र भी यहां परिसंपन्न हो चुके हैं। विक्रम संवत् 2032 में साध्वी श्री गोरांजी (राजगढ़) ने असम में प्रथम जैन भगवती दीक्षा साध्वी राजकुमारीजी को आचार्य तुलसी के निर्देशानुसार प्रदान की एवं एक भव्य दीक्षा समारोह का आयोजन नगांव में संपन्न हुआ।

अनेक श्रावकों-श्राविकाओं की संघीय सेवाओं का मूल्यांकन करते हुए पूज्य गुरुदेव ने समय-समय पर शासनसेवी, श्रद्धानिष्ठ श्रावक, श्रद्धा की प्रतिमूर्ति, कल्याण मित्र जैसे गरिमामय संबोधनों से संबोधित किया।

अनेक श्रावक-श्राविकाएं केन्द्रीय संस्थाओं में महत्त्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अपनी सेवाएं प्रदान करते आ रहे हैं। वर्तमान में गुवाहाटी के ही वरिष्ठ श्रावक 'शासनसेवी' श्री बिमलकुमार नाहटा महासभा में प्रधान न्यासी के रूप में एवं अन्य केन्द्रीय संस्थाओं में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

आज गुवाहाटी समाज के पास एक भव्य एवं विशाल तेरापंथ भवन शहर के बीचोंबीच स्थित है। इसके लिए समाज के आर्थिक सहयोग से

भूमि सत्तर के दशक में क्रय की गयी एवं निर्माण कार्य सन् 1981 में पूरा किया गया। इसके पश्चात् भवन के ठीक पीछे एक विशाल भूखंड और क्रय कर लिया गया एवं वर्तमान भवन का विस्तार कर दिया गया। चार मंजिला तेरापंथ भवन न केवल चारित्रात्माओं के प्रवास एवं उपासना स्थल के रूप में उपयोग में आ रहा है, बल्कि विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का केंद्र है। भवन में सामयिक, अर्हत् वंदना, भक्ताम्बर पाठ, ज्ञानशाला एवं उपासक प्रशिक्षण का क्रम नियमित रूप से चलता है।

समाज की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए एक साढ़े तीन बीघा भूमि स्थानीय गरल, न्यू एयरपोर्ट रोड, धारापुर में क्रय की गयी। आवश्यक भवन निर्माण के लिए आचार्य तुलसी महाश्रमण रिसर्च फाउंडेशन का गठन किया गया। दो विशाल भवन समाज के उपयोग के लिए तैयार हो चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि समाज उपयोग के लिए निर्मित इस विशाल एवं सुरम्य परिसर में आचार्यश्री महाश्रमण ने अपना 2016 का पावन चातुर्मास करने की स्वीकृति प्रदान की है। पांच लाख वर्ग फीट के विशाल परिसर में एक ही स्थान पर सारी प्रवास व्यवस्थाओं को नियोजित किया जा रहा है।

सम्पूर्ण पूर्वोत्तर तथा विशेषत: गुवाहाटी की धरा पर यह परम सौभाग्य है कि तेरापंथ धर्मसंघ के 256 वर्षों के इतिहास में किसी भी आचार्य प्रवर का पावन चातुर्मास इसे मिलने जा रहा है। तेरापंथ के एकादशम् अधिशास्ता परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमण 01 जुलाई 2016 को अपनी धवल सेना के साथ गुवाहाटी पधारेंगे। शहर के विभिन्न क्षेत्रों को अपनी चरणरज से पवित्र करते हुए पूज्यवर का दस जुलाई को चातुर्मास स्थल में मंगल प्रवेश होगा। इसके साथ ही गुवाहाटी पूरे चार मास आयोजित होने वाले विभिन्न आयोजनों, उत्सवों एवं महोत्सवों का साक्षी बनेगा। पूज्य आचार्य प्रवर की इस महती कृपा को पाकर गुवाहाटी एवं पूरा पूर्वोत्तर भारत कृतकृतज्ञ है।

देश-विदेश में प्रवासित सधार्मिक श्रावक-श्राविकाओं को हमारा सादर आमंत्रण है कि आप सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में गुवाहाटी पधार कर गुरूसेवा का लाभ लेवें एवं ऐतिहासिक चतुर्मास के स्वर्णिम क्षणों के साक्षी बनें। आपका आगमन हमारा सौभाग्य होगा। आशा है कि आपके स्नेह व सहयोग से हम तेरापंथ धर्मसंघ के शिखर पर एक नया मंगल कलश अर्पित करने में सक्षम होंगे।

निवेदक

आचार्यश्री महाश्रमण चतुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति, गुवाहाटी

अध्यक्ष	महामंत्री
बिमल कुमार नाहटा	सुपारसमल बैद
मो. 09864021770	मो. 09864039162

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, गुवाहाटी

अध्यक्ष	मंत्री
सुनील कुमार सेठिया	निर्मल कोटेचा
मो. 09864044599	मो. 08811077440

अध्यात्म ऊर्जा का केन्द्र : जैन विश्व भारती

विश्व इतिहास में मानव संस्कृति को सार्थक दिशा देने वाले महापुरुषों में क्रांतिकारी द्रष्टा, विश्वसंत गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के स्वप्नों की साकार प्रतिमान जैन विश्व भारती की स्थापना शिक्षा, शोध साधना एवं सेवा के विशेष उद्देश्यों के साथ सन् 1970 में राजस्थान के नागौर जिले के लाडनूं नगर में हुई। जैन विश्व भारती अहिंसा और शांति का अनुपम सांस्कृतिक केन्द्र है। शिक्षा, शोध, साहित्य, साधना, सेवा, संस्कृति और समन्वय इन सात महान प्रवृत्तियों को अपने आप में समेटे हुए यह संस्था तपोवन का रूप ले चुकी है और यहां के प्रकंपन यह इंगित दे रहे हैं कि यह प्राचीन काल से कोई तपोभूमि रही है। तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के आध्यात्मिक संरक्षण व निर्देशन में संस्था निरन्तर गतिशील है।

शिक्षा

जैन विश्व भारती की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर हुई थी उनमें से एक मुख्य प्रवृत्ति है–शिक्षा। इस उद्देश्य की पूर्ति यहां प्राथमिक से विश्वविद्यालय स्तर तक समस्त शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जैन विश्व भारती के तत्त्वावधान में वर्तमान में विमल विद्या विहार सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तथा महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर एवं टमकोर संचालित हैं। मातृ संस्था जैन विश्व भारती के संरक्षण में जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय से अब तक लगभग 45,000 विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है जिनमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने उच्च पदों पर पहुंच कर संस्था का गौरव बढ़ाया है।

भावी पीढ़ी में संस्कारों के संरक्षण तथा आध्यात्मिक व नैतिक शिक्षा के विकास की दृष्टि से **'समण संस्कृति संकाय'** के अंतर्गत जैन विद्या की शिक्षा प्रदान की जाती है।

मनुष्य के बौद्धिक विकास के साथ मानसिक, भावनात्मक और चारित्रिक विकास हेतु आचार्यश्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञजी ने **'जीवन विज्ञान'** की परिकल्पना प्रस्तुत की। ध्यान, योग एवं शिक्षण प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा का यह क्रांतिकारी प्रयोग जैन विश्व भारती के अंतर्गत **'केन्द्रीय जीवन विज्ञान अकादमी'** द्वारा साकार हो रहा है।

सेवा

शिक्षा के साथ-साथ सेवा के क्षेत्र में भी जैन विश्व भारती अग्रणी है। जैन विश्व भारती परिसर में **'सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला'** तथा बीदासर में **'श्रीमद् आचार्यश्री तुलसी महाप्रज्ञ मानव कल्याण केन्द्र'** सुचारु रूप से संचालित हैं।

'सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला' द्वारा चिकित्सा सेवा विषयक जन-कल्याणकारी प्रवृत्ति का संचालन किया जाता है। यहां जिन औषधियों का निर्माण होता है वे आयुर्वेद विभाग से प्राप्त ड्रग मैन्युफैक्चरिंग लाइसेन्स के अंतर्गत जी.एम.पी. प्रमाणित हैं।

प्राकृतिक चिकित्सा, एक्युप्रेशर एवं फिजियोथेरेपी पद्धति से रोगियों की चिकित्सा हेतु **'श्रीमद् आचार्यश्री तुलसी मानव कल्याण केन्द्र'** की स्थापना जैन विश्व भारती की एक इकाई के रूप में बीदासर में की गई। यहां आधुनिक उपकरणों द्वारा व्यायाम की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में केन्द्र के अंतर्गत होमियोपैथिक चिकित्सा से रोगियों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है।

साधना

प्रेक्षाध्यान–आचार्यश्री महाप्रज्ञजी द्वारा निर्देशित प्रेक्षाध्यान पद्धति के निरंतर प्रयोग, प्रशिक्षण एवं शोध का केन्द्र है जैन विश्व भारती स्थित–**'तुलसी अध्यात्म नीडम्'**, जहां योग एवं अध्यात्म साधना के अभ्यास एवं प्रशिक्षण के द्वारा व्यक्ति के भाव परिष्कार व संवेग परिवर्तन के प्रयोग होते हैं। सन् 1978 में स्थापित तुलसी अध्यात्म नीडम् का उद्देश्य है–प्रेक्षाध्यान का प्रशिक्षण, विकास एवं अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करना।

अध्यात्म, योग और अन्य जीवनोपयोगी विषयों पर आधारित मासिक पत्रिका **'प्रेक्षाध्यान'** का विगत 31 वर्षों से जैन विश्व भारती के अंतर्गत तुलसी अध्यात्म नीडम् द्वारा प्रकाशन किया जा रहा है।

साहित्य

साहित्य प्रकाशन एवं वितरण—साहित्य प्रकाशन एवं वितरण जैन विश्व भारती की महत्त्वपूर्ण गतिविधि है। आगम, जैन विद्या, जीवन विज्ञान, प्रेक्षाध्यान आदि से संबंधित साहित्य के साथ आचार्य भिक्षु, श्रीमद् जयाचार्य, आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ, आचार्य महाश्रमण एवं साधु-साध्वियों, समण-समणीवृंद तथा शोधार्थियों द्वारा लिखित/सम्पादित साहित्य का प्रकाशन विगत लगभग 39 वर्षों से किया जा रहा है। जैन विश्व भारती गत 2-3 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अन्य प्रकाशकों के साथ मिलकर भी साहित्य प्रकाशन व वितरण का कार्य कर रही है।

शोध

जैन विश्व भारती की स्थापना के उद्देश्यों में **शोध** का विशेष स्थान है। पूज्य आचार्यश्री तुलसी ने इसकी स्थापना के उद्देश्यों में जैन धर्म एवं दर्शन के उच्च-स्तरीय शोध संस्थान की परिकल्पना सामने रखी थी। उसी परिकल्पना की सुखद परिणति स्वरूप जैन विश्व भारती की शोध प्रवृत्ति के अंतर्गत आगम सम्पादन का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्य हो रहा है। यह कार्य पूर्व में आचार्यश्री तुलसी व आचार्यश्री महाप्रज्ञजी एवं वर्तमान में आचार्यश्री महाश्रमणजी के निर्देशन में चल रहा है। आगम सम्पादन के प्रबन्धन का सारा दायित्व जैन विश्व भारती द्वारा निर्वहन किया जा रहा है।

हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपि विभाग—जैन विश्व भारती में अनेक प्राचीन एवं दुर्लभ जैन हस्तलिखित ग्रन्थ उपलब्ध हैं जिनकी सुरक्षा एवं संरक्षण जैन विश्व भारती के हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपि विभाग के अंतर्गत किया जा रहा है।

समन्वय

पुरस्कार एवं सम्मान—जैन विश्व भारती द्वारा कुल 10 पुरस्कारों का संचालन विभिन्न प्रायोजकों के सहयोग से किया जा रहा है। आचार्य महाप्रज्ञ साहित्य पुरस्कार, आचार्य तुलसी अनेकान्त सम्मान, आचार्य तुलसी प्राकृत पुरस्कार, संघ सेवा पुरस्कार, जय तुलसी विद्या पुरस्कार, आचार्य महाप्रज्ञ अहिंसा प्रशिक्षण सम्मान, महादेवलाल सरावगी जैन आगम मनीषी पुरस्कार, जीवन विज्ञान पुरस्कार, गंगादेवी सरावगी जैन विद्या पुरस्कार आदि पुरस्कारों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं देने एवं उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाता है और उनकी प्रतिभा का सम्यक् मूल्यांकन किया जाता है।

संस्कृति

तुलसी कलादीर्घा—जैन विश्व भारती में स्थित तुलसी कलादीर्घा (आर्ट गैलरी) में जैन धर्म को दर्शाने वाली प्राचीन एवं अर्वाचीन चित्रों एवं हस्तकलाओं की प्रचुर सामग्री का संग्रह किया गया है। दुर्लभ, कलापूर्ण, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व की प्रदर्शन योग्य सामग्री के साथ तेरापंथ के आचार्यों को सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से संबंधित प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं अन्य सामग्री को यहां पर शो विंडो में कलापूर्ण ढंग से सुसज्जित किया गया है।

उक्त सभी गतिविधियों के साथ सुरम्य हरीतिका से सुशोभित परिसर जैन विश्व भारती के बाह्य सौन्दर्य की मुखर कहानी कह रहा है। जैन विश्व भारती परिवार आप सभी को सादर आमंत्रित करता है। आप यहां पधारें एवं यहां संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। संस्था के विकास हेतु आपके अमूल्य सुझावों एवं विचारों का स्वागत है। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें—

जैन विश्व भारती

पोस्ट : लाडनूं - 341306, जिला : नागौर (राजस्थान)

फोन : (01581) 226025/80, फैक्स : 227280

ई-मेल : jainvishvabharati@yahoo.com

वेबसाईट : www. jvbharati.org

प्रेक्षाध्यान

प्रेक्षाध्यान : एक परिचय

प्रेक्षाध्यान हमारे प्राचीन ग्रंथों, आधुनिक विज्ञान और अनुभव का समन्वय है। प्रेक्षाध्यान हमारे विचारों और चेतना को शुद्ध करने का अभ्यास है तथा आत्म-साक्षात्कार की एक प्रक्रिया है। प्रेक्षाध्यान के अभ्यास के द्वारा हम अपने स्वभाव, व्यवहार और व्यक्तित्व का निर्माण कर सकते हैं। सरल शब्दों में प्रेक्षा का अर्थ है–'अपने आपको देखना, अपने शरीर, मन और आत्मा के सूक्ष्म स्पन्दनों को राग-द्वेष से मुक्त होकर केवल देखना और जानना।'

प्रेक्षाध्यान की मुख्य निष्पत्ति है–चित्त की शुद्धि। हमारे जीवन में संतुलन, आनंद और शांति का अनुभव उपलब्ध कराने में प्रेक्षाध्यान प्रमुख भूमिका निभाता है। मानसिक तनावों से मुक्ति, ऊर्जा के रूपान्तरण, चेतना के ऊर्ध्वारोहण और एकाग्रता के विकास के लिए प्रेक्षाध्यान वास्तव में जीवन का वरदान है। व्याधि, आधि और उपाधि को समाप्त करने वाला प्रेक्षाध्यान समाधि का प्रवेश द्वार है। इसके साथ-साथ विभिन्न रोगों के उपचार के लिए प्रेक्षाध्यान के प्रयोग लाभदायक हैं।

प्रेक्षा फाउण्डेशन

प्रेक्षाध्यान जैन विश्व भारती की एक महत्त्वपूर्ण प्रवृत्ति है। प्रेक्षाध्यान संबंधी समग्र गतिविधियों का नियमन जैन विश्व भारती के अन्तर्गत गठित प्रेक्षा फाउण्डेशन द्वारा होता है। प्रेक्षा फाउण्डेशन का उद्देश्य है–परमपूज्य आचार्यश्री तुलसी एवं परमपूज्य आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के अमूल्य अवदान 'प्रेक्षाध्यान' को आचार्यश्री महाश्रमणजी के कुशल आध्यात्मिक निर्देशन में निष्ठा के साथ संचालित करते हुए विश्वव्यापी बनाकर मानवजाति की आध्यात्मिक सेवा करना।

प्रेक्षावाहिनी

प्रेक्षाध्यान में रूचि रखने वाले साधकों के समूह का नाम है–'प्रेक्षावाहिनी'। प्रेक्षाध्यान में रूचि रखने वालों को प्रेक्षाध्यान के अभ्यास, प्रयोग एवं प्रशिक्षण के लिए स्थानीय स्तर पर एक सुव्यवस्थित व्यवस्था उपलब्ध हो सके एवं साधकों में परस्पर संपर्क एवं संवाद बना रहे, इस दृष्टि से देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रेक्षावाहिनीयां गठित की जा रही है। कम से कम दस साधक मिलकर किसी स्थान पर प्रेक्षावाहिनी गठित कर सकते हैं। गठित प्रेक्षावाहिनी द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को प्रेक्षाध्यान की एक घंटे की कक्षा आयोजित की जाती है, जिसमें सामूहिक रूप से प्रेक्षाध्यान का अभ्यास व प्रयोग किये जाते हैं। प्रेक्षा फाउण्डेशन द्वारा मनोनीत निर्देशक मण्डल द्वारा प्रेक्षावाहिनीयों का संचालन किया जाता है। अपने क्षेत्र में प्रेक्षावाहिनी के गठन हेतु निर्देशक मण्डल के वर्तमान निम्नलिखित सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है–

१. श्री मर्यादा कुमार कोठारी, जोधपुर	9414134340
२. श्री सुबोध पुगलिया, जयपुर	9414056027

३. श्री विकास सुराणा, इचलकरंजी	9326021312
४. श्रीमती राज गुनेचा, दिल्ली	9268729037
५. श्रीमती अर्चना जैन, नागपुर	8149055123
६. श्री सुरेन्द्र ओसवाल, रायपुर	9425285121

प्रेक्षाध्यान पत्रिका

अध्यात्म, योग और अन्य जीवनोपयोगी विषयों पर आधारित मासिक पत्रिका प्रेक्षाध्यान का प्रकाशन विगत 36 वर्षों से हो रहा है। वर्तमान में प्रेक्षाध्यान पत्रिका के संपादक श्री अशोक संचेती, दिल्ली हैं। पत्रिका का सदस्यता शुल्क दसवर्षीय रु. 2,500/- है। पत्रिका की सदस्यता हेतु प्रेक्षा फाउण्डेशन से संपर्क किया जा सकता है।

प्रेक्षाध्यान शिविर

प्रेक्षा फाउण्डेशन द्वारा तुलसी अध्यात्म नीडम्, जैन विश्व भारती, लाडनूं (राजस्थान) के सुरम्य व शांत परिसर में अष्टदिवसीय प्रेक्षाध्यान शिविर प्रतिमाह आयोजित होते हैं, जिनमें चारित्रात्माओं एवं समण-समणीवृंद का सान्निध्य प्राप्त होता है तथा उनके द्वारा प्रेक्षाध्यान की कक्षाएं ली जाती है। प्रशिक्षित प्रशिक्षकगण द्वारा प्रेक्षाध्यान के प्रयोग व अभ्यास कराए जाते हैं। शिविर में भाग लेने वालों के लिए आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्थाएं यहां उपलब्ध हैं।

इन मासिक प्रेक्षाध्यान शिविरों की श्रृंखला में वर्ष 2016 में आचार्य तुलसी अंतर्राष्ट्रीय प्रेक्षाध्यान केन्द्र एवं तुलसी अध्यात्म नीडम्, जैन विश्व भारती, लाडनूं में निम्नलिखित तिथियां प्रस्तावित की गई है–

01. दिनांक 21-28 फरवरी 2016 (Mega Camp)
02. दिनांक 21-29 फरवरी 2016 (प्रेक्षा-प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर (Level-I & II)
03. दिनांक 11-18 मार्च 2016
04. दिनांक 11-18 अप्रैल 2016
05. दिनांक 11-18 जुलाई 2016
06. दिनांक 01-08 अगस्त 2016
07. दिनांक 11-18 सितम्बर 2016
08. दिनांक 01-08 अक्टूबर 2016
09. दिनांक 11-18 नवम्बर 2016
10. दिनांक 11-18 दिसम्बर 2016

प्रति शिविरार्थी निम्नानुसार पंजीकरण शुल्क निर्धारित है–

अटैच्ड रूम 2100/- रु. एवं ए.सी. रूम 7100/- रु.।

उक्त शिविरों मे भाग लेने के लिए पंजीकरण एवं अन्य जानकारी हेतु इच्छुक भाई-बहन प्रेक्षा फाउण्डेशन से संपर्क कर सकते हैं। ऑनलाईन पंजीकरण भी करवा सकते हैं।

प्रेक्षा फाउण्डेशन
तुलसी अध्यात्म नीडम्
जैन विश्व भारती परिसर
पोस्ट : लाडनूं-341306, जिला : नागौर (राजस्थान)
फोन नं. : 01581-226119, मोबाईल नं. : 08233344482
ई-मेल: foundation@preksha.com, वेबसाईट: www.preksha.com

With Best Compliments from

जो साहसी और शक्ति संपन्न होता है, वह आदर्श पुरुष होता है।

-आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

कंचनदेवी (धर्मपत्नी स्व. मदनलालजी बाफना)

महेन्द्र, पंकज, निशांत, आयुष बाफना

बैंगलुरु

Bafna Plastics

50/56, 1st Floor, Shivananda Building Mamulpet

Bengaluru-560053

fortunapet **Nishant Mouldings Pvt.Ltd.**

#2, Eralinganna Industrial Estate, Srigandakaval,

Vishwaneedam, Post-Sunkadakatte, Bengaluru-560091

Ph.: 080-23582671

With Best Compliments from

तुम दूसरों की बुराइयों को देखते हो।
जरा आंख मूंद यह भी खोजो,तुम्हारे में कितनी बुराइयां हैं ?
-आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

'शासनसेवी' बिमलकुमार, सन्दीप कुमार, प्रियंक नाहटा

(सरदारशहर-गुवाहाटी)
कामाख्या आनन्द भवन, ए.टी. रोड, गुवाहाटी -781001 (असम)
दूरभाष : 0361-2545155,2518288, 2544039, फैक्स : 2514939
Email : bimalnahataghy@gmail.com

With Best Compliments from

बाहर के मित्र भी उपयोगी बन सकते हैं।
भीतर के मित्र - अहिंसा आदि
परम उपयोगी होते हैं।

-आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

पूज्य पिताजी स्वत्र रणजीतसिंह जी बैद की पुण्य स्मृति में

प्रकाश प्रमोद बैद

लाडनूं-कोलकाता

With Best Compliments from

धर्म ही एकमात्र ऐसा मित्र है, जो इहलोक और परलोक में साथ देता है,
दुर्गति से बचाता है और चिरस्थायी सुख-शांति प्रदान करता है।

-आचार्य महाश्रमण

स्व. हनुमानमलजी दूगड़ 'जौहरी' की पुण्य स्मृति में

: श्रद्धावनत :

गिन्नीदेवी दूगड़

मदनचंद, आलोक, अजित दूगड़

समस्त 'जौहरी' दूगड़ परिवार

(सरदारशहर-मुम्बई-सूरत)

DC-4220, Bharat Diamond Bourse, Bandra Kurla Complex
Bandra (E) Mumbai-400051 | T : 022-23611056/57/58
F : 022-23611055 | E : royal_diam@hotmail.com

701-702, Gangotri Tower, Kesarbe Market
Gotalawadi, Katargami, Surat - 395004
T : 0261-2531700, 2532800 | F : 0261-2531100

नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान

दुनिया में शक्ति का महत्त्व होता है। शक्तिहीन व्यक्ति अपने आप में रिक्तता अनुभव करता है। कभी-कभी शक्तिविहीन मनुष्य अपने आपको दयनीय और असहाय भी अनुभव करता है। सबसे बड़ी शक्ति आध्यात्मिक शक्ति होती है। अन्य शक्तियों का भी अपना-अपना महत्त्व होता है।

गुरुदेवश्री तुलसी और आचार्यश्री महाप्रज्ञ ने नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान का एक नया उपक्रम प्रारंभ किया। आचार्यश्री महाश्रमण के निर्देशन में वह उसी रूप में विधिवत् चल रहा है। उसका उद्देश्य है–आत्मशुद्धि और ऊर्जा का विकास। उसकी कालावधि आश्विन शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की निर्धारित की गई है। चैत्र शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की कालावधि में भी इसकी आराधना की जा सकती है। संपूर्ण विधि एवं समय सारिणी इस प्रकार निश्चित की गई है–

प्रातः ९.३० से १०.००

'चंदेसु निम्मलयरा आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु' — का पांच बार पाठ
चंदेसु निम्मलयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का तेरह बार पाठ
आइच्चेसु अहियं पयासयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु–का तेरह बार पाठ
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का तेरह बार पाठ
आरोग्ग बोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दिंतु — का तेरह बार पाठ
सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का इक्कीस बार पाठ
'चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु।' — का पांच बार पाठ

ॐ ह्रीं क्लीं ब्लूं

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो ।।१ ।।
जहा दुमस्स पुप्फेसु, भमरो आवियई रसं।
न य पुप्फं किलामेइ, सो य पीणेइ अप्पयं ।।२ ।।
एमेए समणा मुत्ता, जे लोए संति साहुणो।
विहंगमा व पुप्फेसु, दाणभत्तेसणे रया ।।३ ।।
वयं च वित्तिं लब्भामो, न य कोई उवहम्मई।
अहागडेसु रीयंति, पुप्फेसु भमरा जहा ।।४ ।।
महुकारसमा बुद्धा, जे भवंति अणिस्सिया।
नाणापिंडरया दंता, तेण वुच्चंति साहुणो ।।५ ।।— का सात बार पाठ

प्रातः १०.०० से १०.३०–आध्यात्मिक प्रवचन

मध्याह्न २.३० से ३.१५ आगम पाठ का स्वाध्याय।

(दसवेआलियं, उत्तरज्झयणाणि आदि के मूल पाठ का स्पष्ट व शुद्ध उच्चारण एवं व्याख्या)

पश्चिम रात्रि–४.४५ से ५.३०

उवसग्गहरं पासं (उपसर्गहर स्तोत्र) आदि पांच श्लोक एवं 'ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण' का नौ बार पाठ। फिर 'विघनहरण' का जप।

उपसर्गहर स्तोत्र

उवसग्गहरं पासं, पासं वंदामि कम्मघणमुक्कं।
विसहर-विसनिन्नासं, मंगल-कल्लाण आवासं ।।१ ।।
विसहर-फुलिंग-मंतं, कंठे धारेइ जो सया मणुओ।
तस्स गह-रोग-मारी, दुट्ठ जरा जंति उवसामं ।।२ ।।
चिट्ठउ दूरे मंतो, तुज्झ पणामो वि बहुफलो होइ।
नरतिरिएसु वि जीवा, पावंति न दुक्ख-दोहगं ।।३ ।।
तुह सम्मत्ते लद्धे, चिन्तामणि-कप्पपायपब्भहिए।
पावंति अविग्घेणं, जीवा अयरामरं ठाणं ।।४ ।।
इह संथुओ महायस! भत्तिब्भर-निब्भरेण हियएण।
ता देव! दिज्ज बोहिं, भवे भवे पास जिणचंद ।।५ ।।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण पास
विसहर वसह जिण फुल्लिंग ह्रीं श्रीं नमः ।।

विघनहरण

विघनहरण मंगलकरण, स्वाम भिक्षु रो नाम।
गुण ओलख सुमिरण करै, सरै अचिंत्या काम ।।

जप और आगम-स्वाध्याय के साथ तप का योग भी आवश्यक माना गया है। तप में एकासन, आयंबिल, षड्विगय वर्जन, पंच विगय वर्जन और दस प्रत्याख्यान में से किसी एक तप की आराधना इस अवधि में की जाए। व्यक्तिगत इच्छा के अनुसार नौ दिनों तक एक ही तप अथवा वैकल्पिक तप की आराधना की जा सकती है।

निर्धारित कालावधि और करणीय क्रम को यथावत् रखते हुए स्थानीय सुविधानुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है। साधु-साध्वियों की भांति श्रावक-श्राविकाएं भी इसमें संभागी बन सकते हैं। संभागी श्रावक-श्राविकाओं के लिए निम्नांकित नियम भी अनुष्ठान काल में पालनीय हैं–

ब्रह्मचर्य का पालन, रात्रि भोजन-विरमण (चौविहार/तिविहार), जमीकंद का वर्जन।

अनुष्ठान का प्रारंभ प्रथम दिन प्रातः ९.३० से यानी प्रातःकालीन सत्र में किया जाए एवं अनुष्ठान का समापन रात्रि के ५.३० बजे यानी रात्रिकालीन सत्र में किया जाए।

विषय-प्रवेश

कोष्ठक विवरण

जय-तिथि-पत्रक का पहला कोष्ठक अंग्रेजी दिनांक का है और फिर वार का है। उसके बाद तिथि का कोष्ठक है। उसके आगे के दो कोष्ठक में क्रमशः इतने बजे व मिनट तक का संकेत है। छठा कोष्ठक नक्षत्र का है। सातवें व आठवें में नक्षत्र के कितने बजे व मिनट तक का सूचन है। नौवें व दसवें में क्रमशः सूर्योदय व सूर्यास्त कितने बजे होता है इसका निदर्शन है। सूर्योदय व सूर्यास्त लाडनूं को केन्द्र मानकर स्टेण्डर्ड टाइम में दिया गया है। ग्यारहवें कोष्ठक में प्रथम प्रहर कितने बजे आती है तथा बारहवें कोष्ठक में दिन का एक प्रहर कितने घंटे व मिनट का होता है, इसका दिग्दर्शन है। तेरहवें कोष्ठक में चन्द्रमा तथा चौदहवें कोष्ठक में विशेष विवरण के अंतर्गत योग तथा भद्राकाल है। ये भी बजे व मिनट के क्रम से हैं।

तिथि-पत्रक में बजे-मिनट रेलवे समय-सारिणी पद्धति से दिये गये हैं। मध्य रात्रि में १२ बजे से रेलवे समय सारिणी के अनुसार २४ बजे होता है, के बाद ०० समय से शुरू कर २४ बजे तक २४ घंटे मानते हुए चलता है। जैसे–चैत्र शुक्ला सप्तमी २१/४४ बजे है। इसका तात्पर्य है–यह तिथि उस दिन २१ बजकर ४४ मिनट तक है। अर्थात् रात्रि में ९ बजकर ४४ मिनट तक है। बैशाख कृष्णा तृतीया १७/३५ बजे है। इसका अर्थ है यह तिथि उस दिन सायं ५ बजकर ३७ मिनट तक रहेगी। इसी तरह चैत्र शुक्ला सप्तमी को आर्द्रा नक्षत्र १४/२४ बजे है। अर्थात् उस दिन दोपहर २ बजकर २४ मिनट तक है।

तिथि व नक्षत्र के बजे-मिनट बराबर में हैं। वे बजे, मिनट से स्पष्ट हैं। चंद्रमा के आगे संख्या ऊपर नीचे हैं। चंद्रमा के ऊपर वाली संख्या बजे व नीचे वाली मिनट है। जैसे–बैशाख कृष्णा द्वितीया को चंद्रमा वृश्चिक राशि में $\frac{०६}{२६}$ अर्थात् प्रातः ६ बजकर २६ मिनट पर मेष राशि में प्रवेश करेगा। चंद्रमा के लिए इतना विशेष है कि उसका प्रवेश काल दिया है। विशेष विवरण स्पष्ट है। इसमें योग व अन्य के आगे संख्या बराबर में हैं।

तिथि, नक्षत्र आदि के साथ जहां शून्य (०) अंकित है, वह उस दिन 'पूरे दिन और पूरी रात' है अर्थात् वह तिथि या नक्षत्र उस दिन सूर्योदय से पूर्व शुरू हो गया और दूसरे दिन सूर्योदय होने के बाद तक रहा। वह समय अगले दिन की पंक्ति में है। जैसे–चैत्र शुक्ला चतुर्दशी (द्वि.) को चित्रा नक्षत्र के आगे (०) अंकित है जिससे यह नक्षत्र पूरे दिन-रात है। चैत्र शुक्ला चतुर्दशी (प्रथम) के आगे (०) अंकित है अर्थात् यह तिथि पूरे दिन-रात है।

सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय होने के ठीक पहले तक का समय "रात्रि समय" और उसके बाद "दिवा समय" होता है।

विशेष विवरण के कोष्ठक में प्रदत्त योगों के सांकेतिक अक्षरों में पूर्ण नाम इस प्रकार हैं :–

- र.–रवि योग (शुभ व कुयोगनाशक)
- अ.–अमृत सिद्धि योग (शुभ)
- राज.–राजयोग (शुभ)
- कु.–कुमार योग (शुभ)

- सि.–सिद्धि योग (शुभ)
- मृ.–मृत्यु योग (अशुभ)
- व्या.–व्याघात योग (अशुभ)
- वै.–वैधृति (अशुभ)
- व्य.–व्यतिपात योग (अशुभ)
- ज्वा.–ज्वालामुखी योग(अशुभ)
- पं.–पंचक (अशुभ) घास, लकड़ी एकत्र करने, घर की छत बनाने, दक्षिण यात्रा करने में वर्जित।
- भ.–भद्राकाल (शुभ-अशुभ दोनों)
- यम.–यमघंट योग (अशुभ)

नोट : शास्त्रीय मान्यता है कि मध्याह्न के पश्चात् अशुभ योगों का दोष नहीं रहता।

भद्रा-काल

श्रेष्ठ कार्यों में भद्रा-काल होना वर्जित है, किन्तु शास्त्रकारों ने भद्रा को शुभ भी माना है, जो इस प्रकार है–मेष, वृष, मिथुन और वृश्चिक के चंद्रमा में भद्रा का वास स्वर्ग में रहता है। यह भद्राकाल शुभ और ग्राह्य है।

कन्या, तुला, धनु और मकर के चन्द्रमा में भद्रा का वास नागलोक (पाताल) में रहता है। यह भद्राकाल भी लक्ष्मीदायक-धनदायक होने से शुभ है।

कुंभ, मीन, कर्क और सिंह के चंद्रमा में भद्रा का वास मृत्युलोक में होता है। यह अशुभ है, इसलिए शुभ कार्यों में सर्वथा वर्जनीय है।

भद्राकाल समय-विशेष के साथ शुभ भी बताया है।

शुक्ल पक्ष की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और कृष्ण पक्ष की भद्रा सर्वसंज्ञक है। मतान्तर से रात्रि की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और दिन की भद्रा सर्वसंज्ञक है। सर्वसंज्ञक भद्रा के मुख की पांच घटी (२ घंटा) और वृश्चिक संज्ञक भद्रा की पुच्छ की तीन घटी (१ घंटा १२ मि.) शुभ कार्य में त्याज्य है।

तिथि-पत्रक के विवरण पृष्ठों के बाद कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर व जोधपुर–इन छह शहरों के महीने की पहली व पन्द्रहवीं तारीख के सूर्योदय व सूर्यास्त का समय दिया गया है।

समय-सारिणी के बाद नक्षत्र के नाम का अक्षर और राशि की तालिका है। फिर राशि स्वामी एवं गुरु दर्शन के नक्षत्र हैं। फिर घातचक्र है। इसके बाद यात्रा में चंद्र विचार, योगिनी विचार चक्र, दिशाशूल विचार चक्र तथा काल-राहू विचार चक्र है। इनसे अगले पृष्ठ पर सुयोग-कुयोग चक्र है। अंतिम पृष्ठ पर पोरसी प्रमाण, राहुकाल, दिन एवं रात्रि के चौघड़िये हैं।

चौघड़िया-अवलोकन

दिन का चौघड़िया सूर्योदय से प्रारंभ होता है तथा रात्रि का चौघड़िया सूर्यास्त से प्रारंभ होता है। एक दिन में आठ चौघड़िये व रात्रि में आठ चौघड़िये होते हैं।

